हिन्दी पखवाड़ा 2019 : एक रिपोर्ट (03-18 सितंबर, 2019)

मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी द्वारा 03 से 18 सितंबर 2019 के दौरान हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ यूनिवर्सिटी के कुलसचिव द्वारा 03 सितंबर 2019 को हिन्दी पखवाड़ा - 2019 पोस्टर के लोकार्पण द्वारा किया गया।

हिन्दी पखवाड़े के दौरान कर्मचारियों एवं छात्रों के लिए कई कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

दिनांक 05 सितंबर 2019 को विश्वविद्यालय में हिन्दी भाषा की उन्नति पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय राजभाषा हिन्दी के प्रचार प्रसार के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वेच्छाकर्मियों के मध्य हिन्दी भाषा का प्रचार-प्रसार करने हेतु 06.09.19 को स्लोगन लेखन एवं पोस्टर लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में लगभग 70 छात्रों ने भाग लिया।

दिनांक 09.09.2019 को हिन्दी जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिससे कि छात्रों एवं कर्मचारियों के मध्य हिन्दी का प्रचार-प्रसार हो।

दिनांक 11.09.2019 को महिला छात्रावास में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

दिनांक 12.09.2019 को कर्मचारियों एवं छात्रों के लिए सुलेख एवं प्रशासनिक वाक्यांश प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

दिनांक 16.09.2019 को छात्रों एवं कर्मचारियों के लिए कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

दिनांक 17.09.2019 को विश्वविद्यालय के कर्मचारियों एवं छात्रों के लिए हिन्दी अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

दिनांक 18.09.2019 को हिन्दी पखवाड़ा-2019 समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विधिवत् रूप से अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। डॉ.शगुफ़्ता परवीन ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए राजभाषा के ऐतिहासिक पहलुओं को उजागर करते हुए राजभाषा की महत्ता पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात उन्होनें माननीय गृह मंत्री का हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य पर जारी संदेश पढ़ा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ.एम.ए.सिकंदर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ.सीमा वर्मा ने अपने सारगर्भित संबोधनों से सभी उपस्थित संकाय सदस्यों/अधिकारियों/कर्मचारियों/छात्रों का मार्गदर्शन किया।

पुरस्कार वितरण समारोह में सर्वप्रथम छात्रों के लिए आयोजित प्रतियोगिता हेतु उन्हें पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम का समापन डॉ.शगुफ़्ता परवीन, हिन्दी अधिकारी के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।



विश्वविद्यालय कुलसचिव द्वारा हिन्दी पखवाड़ा पोस्टर का लोकार्पण

राजभाषा कार्यान्वियन समिति के सदस्यों द्वारा राजभाषा हिन्दी का प्रचार

हिन्दी की उन्नति के लिए व्याख्यान का आयोजन

हिन्दी स्लोगन प्रतियोगिता

हिन्दी निबंध प्रतियोगिता

हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह

हिन्दी पखवाड़ा प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण